श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
**SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY**
A Central University established by an Act of Parliament
(Formerly Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha, Deemed to be University)

क्रमांक : एफ़ 1(101)/ला.बा.शा.रा.सं.वि/जी.ए.डी /2020-21/533 दिनांक : 10.11.2020

## कार्यालय आदेश

उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के दिनांक 08.10.2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 17-20/2020-S&S के अनुपालन में कोविड-19 महामारी के विरुद्ध भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन आन्दोलन अभियान के अंतर्गत 'कोविड-19 शपथ ग्रहण' का आयोजन दिनांक 11-11-2020 को 11:30 बजे किया जाएगा | कोविड-19 महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए और भीड़ के जमावड़े से बचने के लिए, सभी कर्मचारियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने संबंधित विभागों/ अनुभागों में ही कोविड-19 शपथ लें |

सभी विभागाध्यक्षों/ अनुभागीय प्रमुखों से अनुरोध है कि कोविड-19 शपथ के चित्रों एवं विडियो रिकॉर्डिंग को श्री मनीष लोहनी, सहायक – सामान्य प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर (9899141096) पर भेजें ताकि संबंधित चित्रों एवं विडियो रिकॉर्डिंग समयानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु मंत्रालय को प्रेषित की जा सके |

यह कार्यालय आदेश सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है |

(जे. पी. सिंह)
सहायक कुलसचिव (सा. प्रा.)

प्रतिलिपि: सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु:

(1) समस्त संकाय प्रमुख/ विभागाध्यक्ष
(2) ओ.एस.डी.(परीक्षा)
(3) कुलानुशासक/मुख्य सतर्कता अधिकारी/ छात्रावास अधिष्ठाता
(4) उप-कुलसचिव (लेखा)/ उप-कुलसचिव(परीक्षा)
(5) अधिशासी अभियंता
(6) संगणक प्रमुख: इस आशय से प्रेषित कि:
  (i) उक्त कार्यालय आदेश एवं संलग्नक को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करें |
  (ii) समस्त शैक्षणिक व गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों को SMS के माध्यम से सूचित करें |
  (iii) विश्वविद्यालय वेबसाइट पर हिंदी व अंग्रेजी के Creatives को प्रसार हेतु प्रदर्शित करें |
(7) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
(8) समस्त सहायक कुलसचिव
(9) माननीय कुलपति/ कुलसचिव के निजी सचिव
(10) समस्त अनुभाग अधिकारी
(11) समस्त सुचना पट्ट
(12) संबंधित पंजिका
(13) कार्यालय आदेश पंजिका

(जे. पी. सिंह)
सहायक कुलसचिव (सा. प्रा.)

संलग्न: कोविड-19 शपथ पत्र

# प्रतिज्ञा

मैं -------------- संकल्प लेता/लेती हूँ कि मैं कोविड-19 के बारे में सतर्क रहूँगा/रहूँगी और मुझे और मेरे साथियों को इससे जुड़े खतरे को हमेशा ध्यान में रखूँगा/रखूँगी।

मैं इस घातक विषाणु के प्रसार को रोकने संबंधी सभी आवश्यक सावधानियाँ बरतने का वचन देता/देती हूँ। मैं कोविड से जुड़े आचार-व्यवहार का अनुसरण करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने का भी वचन देता/देती हूँ।

मैं सदैव मॉस्क/फेस कवर पहनूँगा/पहनूँगी, विशेषकर सार्वजनिक स्थलों पर।

मैं दूसरों से कम-से-कम 2 गज की दूरी बनाकर रखूँगा/रखूँगी।

मैं अपने हाथों को नियमित रूप से और अच्छी तरह साबुन और पानी से धोऊंगा/धोऊंगी।

हम एक साथ मिलकर कोविड-19 के खिलाफ इस लड़ाई को जीतेंगे।

*****